**16/06**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय यात्रा पर फ्रांस के शहर एवियां पहुंचे, जहां वे G-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वे विश्व नेताओं के साथ बातचीत और वैश्विक महत्व के प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक अधिक टिकाऊ और समृद्ध विश्व के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्ध है।

0000000000000000000000000

एक महत्वपूर्ण सुधार पहल के तहत राज्य मंत्रिमंडल ने आज अरुणाचल प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्‌यम (स्थापना एवं संचालन सुविधा) अध्यादेश, 2026 को मंजूरी दी। इस अध्यादेश को बाद में विधायी प्रक्रिया के लिए विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। जिसका उद्देश्य उद्‌यमियों पर नियामकीय बोझ कम करना तथा अनुपालन प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। इसके तहत पात्र MSME इकाइयों को लागू कानूनों एवं नियमों के अधीन स्व-घोषणा प्रणाली के माध्यम से अपना संचालन शुरू करने की सुविधा मिलेगी।

मंत्रिमंडल ने अरुणाचल प्रदेश भूमि निपटान एवं अभिलेख नियम (APLSR), 2012 में संशोधन को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य भूमि उपयोग संबंधी नियमों को सरल बनाना तथा भूमि मालिकों और किसानों को आने वाली प्रक्रियागत बाधाओं को दूर करना है। संशोधित प्रावधानों के अनुसार अधिसूचित मास्टर प्लान क्षेत्रों में आने वाली कृषि भूमि को, बिना अलग अनुमति लिए, स्वतः ही मास्टर प्लान में निर्धारित भूमि उपयोग के अनुरूप परिवर्तित माना जाएगा। इन सुधारों से नियोजित शहरी विकास को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ नागरिकों की असुविधा भी कम होने की उम्मीद है।

भर्ती परीक्षाओं में हुई देरी से प्रभावित अभ्यर्थियों की कठिनाइयों को देखते हुए मंत्रिमंडल ने वन टाइम अपर एज लिमिट में छूट को एक वर्ष के लिए और बढ़ाने की मंजूरी दी है। यह छूट उन उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्होंने वर्ष 2022 में अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (APPSC) द्वारा विज्ञापित भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन किया था, लेकिन परीक्षा आयोजन में देरी के कारण आयु सीमा के तहत अयोग्य हो गए थे। यह निर्णय योग्य अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

0000000000000000000000000

राज्य मंत्रिमंडल ने आज राज्य की प्रमुख योजना **“शिक्षित भारत से शिक्षित अरुणाचल”** मिशन की प्रगति की समीक्षा की।

इस मिशन के तहत राज्य सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में अपने इतिहास के सबसे व्यापक सुधार कार्यक्रमों में से एक को लागू किया है। मिशन के प्रथम चरण दो हज़ार तेइस से दो हज़ार छब्बीस के दौरान विद्यालयी आधारभूत संरचना को मजबूत करने, शिक्षकों की तैनाती, डिजिटल शिक्षा, संस्थागत सुधार तथा शिक्षण परिणामों में सुधार के लिए तीन हज़ार छह सौ बारह दशमलव पांच शुन्य करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। प्रस्तावित द्वितीय चरण में एक हज़ार पांच सौ करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ वर्ष दो हज़ार उनतीस तक इस मिशन में कुल निवेश पांच हज़ार एक सौ करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की सियाङ रिवर राफ्टिंग को इंडिया टुडे टूरिज्म सर्वे एण्ड अवॉर्ड्स 2026 में एडवेंचर डेस्टिनेशन श्रेणी में एडिटर्स चॉइस विजेता घोषित किया गया है। पर्यटन राज्य मंत्री पी.डी. सोना ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह सम्मान अरुणाचल पर्यटन के लिए गर्व का क्षण है तथा भारत के प्रमुख साहसिक पर्यटन स्थलों में से एक के रूप में राज्य की अपार संभावनाओं की पुनः पुष्टि करता है। उन्होंने सभी हितधारकों, स्थानीय समुदायों, पर्यटन पेशेवरों, गाइड्स और साहसिक खेल प्रेमियों को बधाई दी, जो समर्पण और उत्साह के साथ सियाङ को बढ़ावा दे रहे हैं।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के तीन युवाओं - लोअर दिबांग वैली ज़िले की आबीदा बेग़म तथा तिराप ज़िले से ईशा कुमारी साह एवं तोआवांग आतोआ का चयन विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2026 के राष्ट्रीय चरण में भाग लेने के लिए किया गया है। यह कार्यक्रम फंद्रह से सत्रह जून 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का औपचारिक उद्घाटन आज नई दिल्ली स्थित संसद के केंद्रीय कक्ष में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा किया गया वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (VVP)-II के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आज बोमडिला स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में दिराङ और कालाकताङ उप-मंडलों से प्राप्त परियोजना प्रस्तावों की जांच एवं समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए वेस्ट कामेङ उपायुक्त डॉ. दिलीप कुमार ने सभी संबंधित विभागों से आग्रह किया कि वे VVP-II के उद्देश्यों और परिचालन दिशानिर्देशों के अनुरूप परियोजना प्रस्ताव तैयार करने में ईमानदार, समन्वित और परिणामोन्मुख प्रयास करें।

0000000000000000000000000

इक्कीस जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -NEET UG 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले सरकार ने बाइस तारीख तक ऑनलाइन मैसेजिंग और सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाया है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (NTA) ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इस निर्णय का स्वागत किया है। एनटीए के अनुसार यह प्रतिबंध नीट (यूजी) 2026 की पुनर्परीक्षा वाले दिन तथा उसके तुरंत बाद की अवधि को कवर करेगा। एजेंसी ने बताया कि टेलीग्राम को तीस जून तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों में संपादन सुविधा को भी निष्क्रिय करने का निर्देश दिया गया है।

0000000000000000000000000